# दिनांक 09.05.2022 को छात्रों द्वारा किया गया आन्दोलन में विभिन्न के माँगों की अद्यतन स्थिति

## सन्दर्भ KU/STU/146/22 दिनांक 09.05.2022

1. कोल्हान विश्वविद्यालय में सत्र कभी विलंब से चल रही है। जिसमें यू.जी. सेमेस्टर 5th को 6th में प्रोमोट किया जाए ताकि समय रहते विद्यार्थी अपना पढ़ाई पूरा कर सकें।

**अद्यतन स्थिति** : विश्वविद्यालय की विद्वत् परिषद एवं परीक्षा समिति की संस्तुति के अनुसार UG(General/Vocational/Professional) सत्र 2019-22 तथा PG(General/ Vocational/Professional) सत्र 2020-22 के प्रथम Semester एवं अंतिम Semester की परीक्षाँए Off line होगीं, उक्त सत्र के शेष Semester के छात्र–छात्राओं को UGC के पूर्व नियमानुसार प्रोन्नत किया जाएगा। सत्र 2020–2021 एकादमिक वर्ष Semester छात्र–छात्रओ को अगले Semester में प्रोन्नत किए जाएगें।

2. पाठयक्रम के आधार पर एक भी पुस्तक किसी भी पुस्तकालय में नहीं है, पुस्तकें उपलब्ध कराकर Reading Room की भी व्यवस्था की जाए।

**अद्यतन स्थिति** : पुस्तकालय में पुस्तकें उपलब्ध हैं एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा E-Library की व्यवस्था भी की गई है। पुस्तकालय मद में धन राशि न होने के कारण CBCS पाठ्यक्रमों की पुस्तकें क्रय में असुविधा हो रही थी। वर्तमान में वैकल्पिक व्यवस्था कर दी गई है एवं CBCS पाठ्यक्रम की पुस्तकें क्रय हेतु शीघ्र ही आदेश दे दिया जाएगा। Reading Room की भी व्यवस्था विश्वविद्यालय पुस्तकालय में उपलब्ध है। जिसका उपयोग छात्रों द्वारा किया जा रहा है।

3. छात्र संघ चुनाव वर्ष 2017 के बाद से 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी चुनाव नहीं हुई है वर्तमान सभी छात्र–छात्राओं को अपने लोकतंत्र व्यवस्था को कायम रखने के लिए प्रतिनिधि नहीं मिल रह हैं जल्द से छात्र संघ चुनाव कराया जाए।

**अद्यतन स्थिति** : छात्र संघ की चुनाव करने हेतु सरकार से अनुमति प्राप्त की जा रही है। छात्र हित में छात्र विश्वविद्यालय के अधिकारियों से पूर्व सूचना देकर मिल सकते हैं।

4. विश्वविद्यालय द्वारा चालाई जाने वाली सरकारी एवं निजी B.Ed. कॉलेजों में फीस एक समान की जाए।

**अद्यतन स्थिति** : इस हेतु व्यवसायिक कोषांग समिति कि आगामी बैठक में विचार किया जाएगा।

5. विगत दिनों B.Ed एवं M.Ed विभाग में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की बहाली हेतु विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यार्थियों से बहाली करना था, परन्तु 1 वर्ष से भी अधिक होने के बावजूद भी उस पर कोई पहल नहीं हो रहा है

**अद्यतन स्थिति** : प्रकरण प्राचीन होने से विज्ञापन निरस्त कर दिया गया है। शीघ्र ही आवेदकों को राशि वापस कर दी जायेगी।

6. कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को दूर किया जाए।

**अद्यतन स्थिति** : शिक्षकों की नियुक्ति सरकार के द्वारा होती है। वर्तमान में स्वीकृत रिक्त पद के आधार पर घंटी आधारित शिक्षकों से अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में JPSC के द्वारा इतिहास, राजनीतिक विज्ञान, कॉमर्स एवं दर्शन शास्त्र आदि मे 50 से अधिक नियुक्तियॉ हो चुकी हैं। शेष नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। जिन विषयों में अध्यापक उपलब्ध नहीं हैं उसकी वैकल्पिक व्यवस्था करने हेतु सम्बन्धित प्राचार्यों को सूचित किया गया है।

7. कोल्हान विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले सभी कॉलेज में खेल नीति, खेल सामग्री के साथ–साथ खेल शिक्षक उपलब्ध कराया जाए।

**अद्यतन स्थिति** : नियमानुसार खेल व्यवस्था करने हेतु सभी महाविद्यालय को राशि निर्गत कर दी गई है। साथ ही सभी महाविद्यालयों के खेल शिक्षकों की नियुक्ति हेतु सरकार के पास प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। वार्षिक खेल Calendar प्रत्येक वर्ष बनाया जाता है। कोरोना महामारी के कारण विगत दो वर्षो से खेल Calendar का नियमानुसार पालन नहीं हो सका है।

8. कोल्हान विश्वविद्यालय के पी.जी. विभाग में प्रतियोगिता तैयार हेतु कोचिंग को पुनः शुरू किया जाए एवं अच्छी गुणवत्ता वाले शिक्षकों की बहाली की जाए साथ ही साथ इस कोचिंग में NET/GATE की तैयारी के लिए भी सुविधा प्रदान किया जाए।

**अद्यतन स्थिति** : उक्त कोचिंग कार्यरत है तथा उसके संयोजक डॉ0 विष्णु शंकर सिन्हा है। कोचिंग प्राप्त करने हेतु डॉ0 विष्णु शंकर सिन्हा से सर्म्पक कर सकते हैं। NET/GATE की तैयारी हेतु प्रत्येक स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षयों को Coaching व्यवस्था हेतु सूचित कर दिया गया है।

9. जी.सी. जैन कॉमर्स कॉलेज चाईबासा में पुस्तकालय की व्यवस्था करना साथ–ही–साथ Reading Room की भी व्यवस्था करना।

**अद्यतन स्थिति** : सरकार के द्वारा छात्रों के माँग पर पुस्तकालय की व्यवस्था तथा Reading Room की भी व्यवस्था हेतु सरकार से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इसकी व्यवस्था कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

10. कोल्हान विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले सभी कॉलेजों में भवन उपस्कर वास्तविकता की जाँच के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी बनाया जाए।

**अद्यतन स्थिति** : प्रत्येक कॉलेजों की उपस्कर की वास्तविकता की जाँच हेतु समिति का गठन किया जा रहा है। जे0एल0एन0 कॉलेज, चक्रधरपुर के उपस्कर की जाँच की जा चुकी है।

11. पी.जी. विभाग के अन्तर्गत महिला एवं पुरुष छात्रावास को अविलंब शुरू किया जाए।

**अद्यतन स्थिति** : महिला छात्राओं के लिए ठहरने की व्यवस्था महिला कॉलेज, चाईबासा के छात्रावास में की जा चुकी है। पुरुष छात्रों का छात्रावास तैयार है। बेड आदि की व्यवस्था हेतु सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है। कुछ पुरुष छात्र बिना बेड व्यवस्था के ठहरने हेतु कुछ दिन पूर्व कुलपति के साथ वार्ता में आग्रह प्रकाश किए थे। उनका अनुरोध पत्र प्राप्त नहीं हुआ है, अनुरोध पत्र प्राप्ति के बाद उन्हें छात्रावास में ठहरने हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी।

12. जगन्नाथपुर, मंझगाँव एवं मनोहरपुर डिग्री कॉलेज के अर्धनिर्माण भवन को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

**अद्यतन स्थिति** : JSBCCL द्वारा आश्वासन दिया गया है कि शीघ्र ही भवनों का हस्तांतरण कर दिया जाएगा।

13. JLN कॉलेज, चक्रधरपुर एवं टाटा कॉलेज, चाईबासा में पुन: B.Ed. की पढ़ाई शुरू किया जाए।

**अद्यतन स्थिति** : NCTE के द्वारा पोर्टल नहीं खोलने के कारण आवेदन नहीं किया जा सका था। अब सरकारी संस्थानों में 4 Years Integrated Course हेतु पोर्टल खोल दिया गया है। अतः इच्छुक महाविद्यालय आवेदन कर सकते हैं।

14. टाटा LLB जाए Minning Subject कॉलेज में एवं की पढ़ाई शुरू की जाए।

**अद्यतन स्थिति :** LLB पाठ्यक्रम हेतु Bar Council of India के नियमानुसार टाटा कॉलेज, चाईबासा द्वारा प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। Mining हेतु प्रस्ताव प्राप्ति के उपरान्त नियमानुसार कार्रवाही की जाएगी।

15. कोल्हान विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले सभी कॉलेजों में निर्धन छात्र कोष की स्थापना की जाए ताकि वैसे विद्यार्थी जो गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर हैं उनका नामांकन निर्धन छात्र कोष के माध्यम से हो सकें।

**अद्यतन स्थिति :** यह प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। विश्वविद्यालय की स्थायी वित्त समिति के अभाव के कारण कार्य में निर्णय लेने में बिलंम्ब हो रहा है। यदि उक्त प्रस्ताव स्वीकृत हो जाता है तो वित्त समिति एवं Syndicate के अनुशंसा एवं दिशानिर्देश के आलोक में कार्यवाही कि जाएगी। उल्लेखनीय है कि निर्धन छात्र सरकार से E–कल्याण छात्रवृत्ति पाते है।

16. कोल्हान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 5वां दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों से लिए गए 500रू शुल्क को जल्द से जल्द वापस किया जाए।

**अद्यतन स्थिति :** विश्वविद्यालय की स्थायी वित्त समिति के अभाव के कारण कार्य में निर्णय लेने में बिलंम्ब हो रहा है। जल्द ही इस पर आवश्यक निर्णय ले लिया जाएगा। विलम्ब का और एक कारण यह है कि कुछ छात्र Cafe के माध्यम से शुल्क जमा किये थें, अब वे अपने खाता के माध्यम से शुल्क वापसी चाहते हैं।

ह0/–
**कुलानुशासक**
**कोल्हान विश्वविद्यालय**
**चाईबासा**

**पत्रांक:** KU/PR/56/22 **दिनांक** 11.05.2022

**प्रतिलिपि :**

1. उपायुक्त, पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा ।
2. पुलिस अधीक्षक, पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा।

11/05/2022
**कुलानुशासक**
**कोल्हान विश्वविद्यालय**
**चाईबासा**